Daily Current Affairs 14 October 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. लेह में सतत् पर्वतीय विकास शिखर सम्मेलन 2022 किया जा रहा आयोजित
• 10 से 12 अक्टूबर, 2022 तक लेह (लद्दाख) में सतत् पर्वतीय विकास शिखर सम्मेलन (SMDS) -11 आयोजित किया जा रहा है। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने उद्घाटन सत्र में भाग लिया। इस शिखर सम्मेलन की थीम "सतत् पर्वतीय विकास के लिये पर्यटन का उपयोग" है। इस शिखर सम्मेलन का प्रमुख बिंदु पर्यटन के नकारात्मक प्रभावों को कम करना और जलवायु व सामाजिक-पारिस्थितिक मज़बूती एवं स्थिरता के निर्माण में इसके सकारात्मक योगदान का उपयोग करना है।

2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाकाल लोक का किया लोकार्पण
• 11 अक्टूबर, 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के उज्जैन में स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्री महाकाल लोक का उद्घाटन किया है। श्री महाकाल लोक एक ऐसा स्थान है जहाँ भगवान शंकर की सभी पौराणिक कथाएँ एक ही स्थान पर देखने को मिलेंगी। इसे 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में बनाया गया है। भारत के हृदयस्थल मध्य प्रदेश के उज्जैन में पुण्यसलिला क्षिप्रा नदी के निकट भगवान शिव महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग की गणना देश के प्रसिद्ध 12 ज्योतिर्लिंगों में की जाती है।

3. झारखंड की अस्मिता दोरजी ने बिना ऑक्सीजन मनास्लु पर्वत को किया फतह
• 10 अक्टूबर, 2022 को झारखंड की अस्मिता दोरजी ने बिना ऑक्सीजन सप्लीमेंट के नेपाल स्थित दुनिया के आठवें सबसे ऊँचे पर्वत 'मनास्लु'को फतह कर इतिहास रचा है। नेपाल सरकार द्वारा मनास्लु समिट का आयोजन किया गया था, जिसमें अस्मिता दोरजी ने बिना ऑक्सीजन सप्लीमेंट के 8163 मीटर ऊँचे पर्वत 'मनास्लु'को फतह किया है। अस्मिता दोरजी ने लगभग 26 दिन की कठिन चढ़ाई के बाद इस समिट को पूरा किया।

4. अक्टूबर 2023 में गोवा में होंगे 37वें राष्ट्रीय खेल
• अक्टूबर, 2023 में गोवा 37वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करेगा। हाल ही में भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) ने इसकी घोषणा की है। गोवा राज्य सरकार ने आईओए को राष्ट्रीय खेलों के अगले संस्करण की मेजबानी के लिए अपनी सैद्धांतिक मंजूरी के बारे में बता दिया है।
• गोवा प्रतिनिधिमंडल 12 अक्टूबर, 2022 को सूरत में 36वें राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह में आईओए का झंडा लेंगे।37वें राष्ट्रीय खेलों की तारीख 19वें एशियाई खेलों की तारीखों को ध्यान में रखते हुए तय की जाएंगी, जो 23 सितंबर से 08 अक्तूबर, 2023 तक हांग्जो, चीन में आयोजित होंगे।

Resultuniraj.co.in

Daily Current Affairs 14 October 2022

5. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने टेली-मानस पहल की शुरू
• 10 अक्टूबर, 2022 को केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने टेली-मानस (टेली मेंटल हेल्थ असिस्टेंस एंड नेटवर्किंग अक्रॉस स्टेट्स) पहल शुरू की है। मानसिक स्वास्थ्य सहायता तक पहुंच प्रदान करने के उद्देश्य से 'टेली मानस' 'जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम' की डिजिटल शाखा के रूप में काम करेगा। टेली मानस का उद्देश्य पूरे देश में मुफ्त टेली-मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। आपको बता दे कि केंद्रीय बजट 2022-23 में राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (NMHP) की घोषणा की थी।

6. हरियाणा के मानेसर में भारत 'आतंकवाद विरोधी' अभ्यास की कर रहा मेजबानी
• 08 से 13 अक्टूबर, 2022 तक भारत बहुपक्षीय आतंकवाद विरोधी अभ्यास 'आतंकवाद विरोधी 2022' की मेजबानी कर रहा है। इसका आयोजन हरियाणा के मानेसर में किया जा रहा है। यह शंघाई सहयोग संगठन (SCO) क्षेत्रीय आतंकवाद विरोधी संरचना (RATS) के ढांचे के तहत आयोजित है।
• यह अभ्यास का दूसरा चरण है। अभ्यास का पहला चरण 27 जुलाई से 01 अगस्त, 2022 तक एससीओ सदस्य देशों के राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी बलों द्वारा उनके संबंधित क्षेत्रों में आयोजित किया गया था। इस अभ्यास में पाकिस्तान भी भाग ले रहा है।

7. भारत में फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2022 हुआ शुरू
• 11 अक्टूबर, 2022 को फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2022 शुरू हुआ है। फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप भारत 2022 टूर्नामेंट का 7वां संस्करण है जिसमें भारत सहित 16 टीमें भाग ले रही है। इसका आयोजन 11 से 30 अक्टूबर, 2022 तक भुवनेश्वर, गोवा और नवी मुंबई में किया जा रहा है। इसका शुभंकर 'इबा' है जो एशियाई शेरनी है तथा टूर्नामेंट का नारा 'किक ऑफ द ड्रीम' है।

8. राजस्थान, कर्नाटक तथा जम्मू कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालयों को मिले नए मुख्य न्यायाधीश
• 11 अक्टूबर, 2022 को केंद्रीय कानून और न्याय मंत्रालय ने राजस्थान, कर्नाटक, जम्मू और कश्मीर और लद्दाख में उच्च न्यायालयों के लिए नए मुख्य न्यायाधीशों के नामों की घोषणा की है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम द्वारा उनकी नियुक्ति की सिफारिश के बाद सरकार ने नियुक्ति की घोषणा की है।

9. विश्व आर्थिक मंच ने जारी की 'एजुकेशन 4.0 रिपोर्ट'
• हाल ही में विश्व आर्थिक मंच (WEF) ने 'एजुकेशन 4.0 रिपोर्ट' जारी की है। इस रिपोर्ट को WEF, संयुक्त राष्ट्र बाल शिक्षा कोष (UNICEF) और YuWaah (जेनरेशन अनलिमिटेड इंडिया) के सहयोग से जारी की गई है। इसे WEF की एजुकेशन 4.0 इंडिया पहल के हिस्से के रूप में जारी किया गया है।

Resultuniraj.co.in

Daily Current Affairs 14 October 2022

• रिपोर्ट के अनुसार भारत में स्कूल- टू-वर्क (S2W) ट्रांज़िशन प्रक्रिया अभी भी बड़ी बाधाओं का सामना कर रही है। इनमें शामिल हैं, जैसे- प्रशिक्षकों की कमी, अपर्याप्त संसाधन और बुनियादी ढाँचा, स्कूली पाठ्यक्रम के साथ एकीकरण में कमी, स्थानीय कौशल अंतराल आदि।

Resultuniraj.co.in